भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग
भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान
4, कालीदास मार्ग, पो. बाक्स सं. 135
देहरादून– 248 001, भारत
दूरभाष : +91-135-2524399
फैक्स : +91-135-2741987, 2748041

सत्यमेव जयते

Government of India
Department of Space
Indian Institute of Remote Sensing
4, Kalidas Road, P.B. No. 135,
Dehradun - 248 001, India
Telephone : +91-135-2524399
Fax : +91-135-2741987, 2748041

डॉ. ए. सेंथिल कुमार
Dr. A. Senthil Kumar
निदेशक/ Director

सं.: आई.आई.आर.एस. / एडुसेट/ 2016/ 18
No.: IIRS/ EDUSAT/ 2016/ 18
दिनांक: 27 जून, 2016/ Date: 27 June, 2016

विषय: 22 अगस्त 2016 से "सुदूर संवेदन, भौगोलिक सूचना प्रणाली तथा वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली" पर प्रारम्भ होने वाले 18वें आई.आई.आर.एस. आउटरीच कार्यक्रम की घोषणा के संबंध में।

Sub: Announcement of Eighteenth IIRS Outreach Program on "Basics of Remote Sensing, GIS & GNSS" commencing from August 22, 2016.

महोदय/ महोदया,/Dear Sir/ Madam,

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने सशक्त/ व्यावसायिक भू-प्रेक्षण (EO) कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले 40 वर्षों के दौरान कई उपग्रह प्रमोचित किए हैं। भारतीय सुदूर संवेदन (आईआरएस) उपग्रह श्रृंखला, राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एनएनआरएमएस) के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनो की मॉनीटरिंग तथा उनके प्रबंधन और आपदा प्रबंधन सहयोग हेतु अन्तरिक्ष आधारित जानकारी उपलब्ध करवाती है। भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (भा.सु.सं.सं.) भूस्थानिक प्रौद्योगिकी के उपयोगार्थ शिक्षण, प्रशिक्षण तथा क्षमता संवर्धन को समर्पित इसरो का एक महत्वपूर्ण संस्थान है। इस संस्थान द्वारा अब तक 17 उपग्रह/ इंटरनेट आधारित आउटरीच पाठ्यक्रम संचालित किए जा चुके हैं। इन पाठ्यक्रमों से लगभग 390 भारतीय विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के करीब 30,500 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हम सहर्ष 18वें आई.आई.आर.एस. आउटरीच कार्यक्रम को प्रारंभ करने की घोषणा करते हैं। 22 अगस्त, 2016 से प्रारम्भ होने वाला यह कार्यक्रम **"सुदूर संवेदन,भौगोलिक सूचना प्रणाली तथा वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली"** पर आधारित है। यह कार्यक्रम सुदूर संवेदन,भौगोलिक सूचना प्रणाली तथा वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली संबंधी प्रौद्योगिकियों के ज्ञान को और समृद्ध करेगा।

The Indian Space Research Organisation (ISRO) has a vibrant Earth Observation (EO) programme with many satellite missions launched during past 40 years. The Indian Remote Sensing Satellite (IRS) series of satellites provide space based information for monitoring and management of natural resources and Disaster Management Support under the aegis of National Natural Resource Management System (NNRMS). The Indian Institute of Remote Sensing (IIRS) is a premier Institute of ISRO which is engaged in training, education and capacity building on use of geospatial technology for natural resources monitoring and disaster management since last five decades. The institute has so far conducted 17 Satellite/ Internet based Outreach Programmes, benefitting more than 30,500 participants from around 390 Indian universities/institutions/user departments/user ministries in India. We have now the pleasure of announcing the eighteenth IIRS Outreach Programme on **"Basics of Remote Sensing, GIS & GNSS" commencing from August 22, 2016** to further enhance the knowledge of Remote Sensing, GIS & GNSS.

Contd.....2

प्रति सप्ताह 4/5 व्याख्यानों वाला यह ***12 सप्ताह का ऑनलाइन पाठ्यक्रम***, ऑनलाइन सुदूर संवेदन,भौगोलिक सूचना प्रणाली तथा वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली के प्रभावी उपयोग को जानने-समझने का विशिष्ट अवसर प्रदान करेगा, जिसके अंतर्गत सहभागी को स्वस्थान पर ही प्रतिदिन मात्र 1½ घंटा अध्ययन करना होगा। इस निःशुल्क पाठ्यक्रम में http://aview.in/ पर उपलब्ध एव्यू सॉफ्टवेयर के द्वारा तथा इंटरनेट का उपयोग करते हुए भाग लिया जा सकता है। पंजीकृत सहभागियों के उक्त ऑनलाइन कार्यक्रम से जोड़ने हेतु भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (इसरो) प्रत्यय पत्र/ प्रयोक्ता आईडी/ पासवर्ड उपलब्ध करवाएगा। पाठ्यक्रम के समापनोपरांत भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (इसरो) सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान करेगा।

This ***online course of 12-weeks*** duration with 4/5 lectures per week is a unique opportunity to learn the basics of RS, GIS & GNSS and their applications by devoting one-and-half-hour each day at the place of stay of the participant. The course can be attended ***free of cost*** through Internet using **A-VIEW** Software which is freely available in http://aview.in/ for download. IIRS/ISRO will provide credentials to receive this programme online. The successful participants will be awarded certificate from IIRS/ISRO.

उक्त पाठ्यक्रम की घोषणा सम्बन्धी विवरणिका अवलोकनार्थ तथा आपके विश्वविद्यालय/ संस्थान/ कॉलेज/ संगठन में प्रचार-प्रसार हेतु संलग्न है। इस पाठ्यक्रम में सभी यूजी/ पीजी छात्र/ कार्यरत समस्त पेशेवर तथा शैक्षणिक समुदाय के शिक्षक/ शोधकर्ता भाग ले सकते हैं। **कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी संस्थान की वैबसाइट http://www.iirs.gov.in/EDUSAT-News के द्वारा पंजीकरण कर सकते हैं।**

A copy of the syllabus of this course is enclosed herewith for your kind perusal and also for wider circulation in your University/ Institute/ College/ Organisation. This course is open for all the UG/PG students/ working professionals/ researchers in various University/ Institution/ Organisation. **Interested participants can register online through IIRS website: http://www.iirs.gov.in/EDUSAT-News**

उक्त प्रसंग में और जानकारी हेतु आप **डॉ. पूनम एस. तिवारी**, कार्यक्रम समन्वेता, आई॰आई॰आर॰एस॰ आउटरीच कार्यक्रम [दूरभाष: 0135-2524115 (कार्यालय), मो: +91 9410924417, ईमेल : poonam@iirs.gov.in], **डॉ. हरीश कर्नाटक**, प्रमुख, जियोवेब सेवाएँ, सूचना प्रोद्योगिकी एवं दूरस्थ अधिगम विभाग [दूरभाष: 0135-2524332 (कार्यालय), मो: +91 9456565523, ईमेल: harish@iirs.gov.in], **एडुसेट स्टुडियो नियंत्रण कक्ष** [श्री महादेवस्वामी एम॰ (मो: +91 9897142192) एवं श्री जनार्दन विश्वकर्मा (मो:+91 7895309151): दूरभाष: 0135-2524130, ईमेल: edusat@iirs.gov.in] से संपर्क कर सकते हैं।

In case if you need any further information about the programme, please feel free to contact- **Dr. Poonam S. Tiwari**, Programme Coordinator IIRS Outreach Programme [Ph. 0135-2524115, M: +91 9410924417 or email- poonam@iirs.gov.in] or **Dr. Harish Karnatak**, Head, Geoweb Services, IT & Distance Learning Department [Ph.: 0135-2524332(off.),+91 9456565523 email: harish@iirs.gov.in], **EDUSAT Studio Control Room** [Shri Mahadevaswamy M. (+91 9897142192) and Shri Janardan Vishwakarma (M: +91 7895309151) :Ph.: 0135-2524130, email: edusat@iirs.gov.in].

शुभकामनाओं सहित /With regards and best wishes,

भवदीय/ Yours sincerely,

ए. सेंथिल कुमार

(ए॰ सेंथिल कुमार/**A. Senthil Kumar**)

संलग्नक: पाठ्यक्रम अनुसूची/**Encl:** Course Schedule